(a) Indemnify any person in respect of any act done by him in connection with the maintenance of order in the area where martial law was in force
(b) Parliament can by law validate any sentence passed when martial law was in force in the area
(c) A law of Parliament can validate forfeiture ordered when martial law was in force in the area
(d) Any act done under martial law can be validated by Parliament by law

72. *Upari* refers to which one of the following ?

(a) A form of Marathi poetry that emerged during the Maratha period
(b) A category of tenancy tenure held under the Maratha regime
(c) A court official during Maratha rule
(d) A group of peasants who rebelled against their oppressive landlords under Maratha rule

73. Which of the following is/are the characteristic(s) of the *Sannyasi and Fakir* uprisings ?

1. These uprisings refer to a series of skirmishes between the English East India Company and a group of sannyasis and fakirs.
2. One reason for the uprising was the ban on free movement of the sannyasis along pilgrimage routes.
3. In the course of the uprisings in 1773, Warren Hastings issued a proclamation banishing all sannyasis from Bengal and Bihar.
4. Are contemporaneous with the Non-Cooperation Movement.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 3 only
(c) 1, 2 and 3
(d) 2 and 4 only

67. संसदीय लोकतंत्र वह है, जहाँ

1. जन-सहभागिता और संभ्रांत वर्ग के शासन के बीच सन्तुलन होता है ।
2. सरकार जनता के प्रति नहीं बल्कि निर्वाचित प्रतिनिधियों के प्रति उत्तरदायी होती है ।
3. सांसदों को अपने निर्वाचकों की ओर से विचार और कार्य करने का उत्तरदायित्व प्रत्यायोजित किया जाता है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 2

68. निम्नलिखित में से कौन-सा समाजवाद का केन्द्रीय सिद्धान्त *नहीं* है ?

(a) ऐतिहासिक भौतिकवाद
(b) द्वंद्वात्मक भौतिकवाद
(c) विसम्बन्धन और वर्ग संघर्ष
(d) वैयक्तिक स्वतंत्रता

69. 'ऐंड देन वन डे : ए मेमॉयर' – यह किसकी आत्मकथा है ?

(a) कमल हसन की
(b) शाहरुख खान की
(c) नसीरुद्दीन शाह की
(d) करन जोहर की

70. समावेशन रणनीति किस पर केंद्रित *नहीं* होती है ?

(a) असमानता को घटाने पर
(b) निर्धनता को घटाने पर
(c) जनजातीय आबादी के लिए जीविका के विविधीकरण पर
(d) निर्धन देशों को निकट लाने पर

71. जब सेना विधि प्रवृत्त की जाती है, तब संसद निम्नलिखित विषयों में से किस एक के बारे में विधि *नहीं* बना सकती ?

(a) किसी व्यक्ति की किसी ऐसे कार्य के सम्बन्ध में क्षतिपूर्ति करना, जिसने किसी ऐसे क्षेत्र में, जहाँ सेना विधि प्रवृत्त थी, व्यवस्था को बनाए रखने के संबंध में कोई कार्य किया है
(b) संसद विधि द्वारा किसी ऐसे दंडादेश को विधिमान्य कर सकती है, जो उस समय पारित किया गया था जब उस क्षेत्र में सेना विधि प्रवृत्त थी
(c) संसद की विधि ऐसे समपहरण को विधिमान्य कर सकती है, जो उस समय आदिष्ट किया गया था जब उस क्षेत्र में सेना विधि प्रवृत्त थी
(d) सेना विधि के अधीन किए गए किसी कार्य को संसद विधि द्वारा विधिमान्य कर सकती है

72. '*जमी*' निम्नलिखित में से किस एक को निर्दिष्ट करता है ?

(a) मराठी कविता की एक विधा जिसका मराठा काल में प्रादुर्भाव हुआ था
(b) मराठा शासन के अधीन धारित भूधृति (टेनेन्सी टेन्योर) की एक श्रेणी
(c) मराठा शासन में न्यायालय का एक पदधारी
(d) मराठा शासन के अधीन उत्पीड़क भूस्वामियों के विरुद्ध विद्रोह करने वाले कृषकों का समूह

73. निम्नलिखित में से कौन-सा/से, *संन्यासी* और *फ़कीर* विद्रोह का/के लक्षण है/हैं ?

1. ये विद्रोह इंग्लिश ईस्ट इंडिया कम्पनी और संन्यासियों और फकीरों के एक समूह के बीच हुई झड़पों की शृंखला को निर्दिष्ट करते हैं ।
2. इस विद्रोह का एक कारण तीर्थयात्राओं के मार्गों पर संन्यासियों के अबाध आवागमन पर प्रतिबन्ध लगाना था ।
3. 1773 में इस विद्रोह के दौरान, वारेन हेस्टिंग्स ने एक उद्घोषणा करके सभी संन्यासियों को बंगाल और बिहार से निष्कासित कर दिया ।
4. ये असहयोग आंदोलन के समकालीन हैं ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 2 और 4

74. Which among the following features of a federal system is *not* found in the Indian Political System ?

(a) Dual citizenship

(b) Distribution of powers between the Federal and the State Governments

(c) Supremacy of the Constitution

(d) Authority of the Courts to interpret the Constitution

75. Which of the following is *not* true of Article 32 of the Indian Constitution ?

(a) It gives the Supreme Court and the High Courts the power to issue writs for the enforcement of Fundamental Rights.

(b) It is included in Part III of the Indian Constitution and is therefore itself a Fundamental Right.

(c) Dr. Ambedkar called it the 'very soul of the Indian Constitution'.

(d) An aggrieved person has no right to complain under Article 32 where a Fundamental Right has not been violated

76. Which of the following statements is/are correct ?

1. Professor Kamal Bawa was conferred with the Midori Prize (2014) for biodiversity for his research on climate change in the Himalayas.

2. Midori Prize is an annual international prize given to an individual for outstanding contribution to the conservation and sustainable use of biodiversity at global, regional or local levels.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

77. Which one of the following statements is *not* correct ?

(a) The Central Government is empowered to issue a notification to specify any service in a State as a service of vital importance to the community.

(b) Such a notification remains valid for six months.

(c) Every command given by a superior officer casts a duty on all persons subject to the Army Act, 1950, the Air Force Act, 1950 or the Navy Act, 1957 to obey the command when such a notification is in force.

(d) The provisions of the Armed Forces (Emergency Duties) Act, 1947 are applicable in connection with vital services imposed in an emergency on the armed forces.

74. संघीय प्रणाली का निम्नलिखित में से कौन-सा लक्षण भारतीय राजनीतिक प्रणाली में *नहीं* पाया जाता ?

(a) दोहरी नागरिकता

(b) परिसंघ और राज्य सरकारों के बीच शक्तियों का वितरण

(c) संविधान की सर्वोच्चता

(d) संविधान के निर्वचन में न्यायालयों का प्राधिकार

75. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य *नहीं* है ?

(a) वह उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों को मूल अधिकारों के प्रवर्तन के लिए रिट जारी करने की शक्ति देता है ।

(b) यह भारतीय संविधान के भाग III में सम्मिलित किया गया है और इसलिए स्वयं एक मूल अधिकार है ।

(c) डॉ. अम्बेडकर ने इसे 'भारतीय संविधान की आत्मा ही' कहा ।

(d) जहाँ किसी मूल अधिकार का उल्लंघन नहीं हुआ है वहाँ व्यथित व्यक्ति को अनुच्छेद 32 के अधीन परिवाद करने का अधिकार नहीं है ।

76. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. प्रोफेसर कमल बावा को हिमालय में जलवायु परिवर्तन पर उनके अनुसंधान के लिए जैव-विविधता का मिडोरी पुरस्कार (2014) प्रदान किया गया ।

2. मिडोरी पुरस्कार एक वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार है, जो किसी व्यक्ति को वैश्विक, प्रदेशिक या स्थानीय स्तरों पर जैव-विविधता के संरक्षण और संधारणीय उपयोग में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए -

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

77. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही *नहीं* है ?

(a) केन्द्र सरकार को यह शक्ति है कि वह किसी राज्य में किसी सेवा को समुदाय के लिए अत्यावश्यक महत्व की सेवा विनिर्दिष्ट करते हुए अधिसूचना जारी करे ।

(b) ऐसी अधिसूचना छह मास तक विधिमान्य रहती है ।

(c) जब ऐसी अधिसूचना प्रवृत्त रहती है, तब सेना अधिनियम, 1950, वायुसेना अधिनियम, 1950 या नौसेना अधिनियम, 1957 के अधीन सभी व्यक्तियों का यह कर्त्तव्य हो जाता है कि वे वरिष्ठ अधिकारी द्वारा दिए गए प्रत्येक समादेश का पालन करें ।

(d) सशस्त्र बल (आपात कर्त्तव्य) अधिनियम, 1947 के उपबंध सशस्त्र बलों को आपात में सौंपी गई अत्यावश्यक सेवाओं के सम्बन्ध में लागू होते हैं ।

78. The Central Industrial Security Force is under the administrative control of which of the following ministries ?

(a) Ministry of Heavy Industries and Public Enterprises

(b) Headquarters of the Integrated Joint Staff

(c) Ministry of Home Affairs

(d) PMO

79. Which of the following features of the State of Arcot in 18th century South India are correct ?

1. The founders of the dynasty that ruled Arcot were Daud Khan Panni and Sa'adatullah Khan.

2. Arcot became the site of a protracted struggle between the English and Dutch East India Companies from the 1740s.

3. Decentralization was a key feature of the State of Arcot in the 18th century.

4. The other major State to emerge in South India at this time was Mysore.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 1, 2 and 4

(c) 3 and 4 only

(d) 2 and 4 only

80. Which of the following statements about the musical culture in 18th and 19th century North India is/are ***not*** correct :

1. The period was marked by the growing eminence of Sadarang Neamat Khan who introduced the *khayal* form.

2. A large number of musicians moved out of regional centres to Delhi where they hoped they would receive more employment and patronage.

3. The period was marked by the formation of specific region based *gharanas*.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1, 2 and 3

(c) 2 only

(d) 2 and 3 only

81. Which of the following is/are ***not*** the characteristic(s) of the First Past The Post System (FPTP) ?

1. It is a majoritarian system where minorities are likely to remain unrepresented.

2. A candidate may win an election even if he/she gets less than the majority of the votes cast.

3. It generates proportionality between the votes cast and the seats won.

4. It always leads to a two party system and a stable and accountable government.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 3 and 4

(b) 1 and 2

(c) 2 and 3

(d) 4 only

78. केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल निम्नलिखित मंत्रालयों में से किसके प्रशासनिक नियंत्रण में है ?

(a) भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

(b) एकीकृत संयुक्त स्टाफ का मुख्यालय

(c) गृह मंत्रालय

(d) प्रधान मंत्री कार्यालय (पी.एम.ओ.)

79. दक्षिण भारत में 18वीं शताब्दी में अर्काट राज्य की निम्नलिखित विशेषताओं में से कौन-सी सही हैं ?

1. अर्काट के शासक राजवंश के संस्थापक दाऊद खाँ पन्नी और सआदतुल्ला खाँ थे ।

2. 1740 से अर्काट, इंग्लिश और डच ईस्ट इंडिया कंपनियों के बीच दीर्घकालिक संघर्ष का स्थल रहा ।

3. 18वीं शताब्दी में विकेंद्रीकरण अर्काट राज्य की एक प्रमुख विशेषता थी ।

4. दक्षिण भारत में उस समय उभरने वाला दूसरा मुख्य राज्य मैसूर था ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) 1, 2 और 4

(c) केवल 3 और 4

(d) केवल 2 और 4

80. उत्तर भारत में 18वीं और 19वीं शताब्दी में संगीत संस्कृति के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही *नहीं* है/हैं ?

1. उस अवधि की विशेषता सदारंग नियामत खाँ का, जिन्होंने ख़याल की विधा प्रारंभ की, बढ़ता हुआ प्रभाव था ।

2. बड़ी संख्या में संगीतकार प्रादेशिक केन्द्रों से चलकर दिल्ली आ गए जहाँ उन्हें आशा थी कि उन्हें और अधिक रोज़गार और संरक्षण प्राप्त होगा ।

3. अलग-अलग विशिष्ट प्रदेशों के आधार पर घरानों का निर्माण इस अवधि की विशेषता थी

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) 1, 2 और 3

(c) केवल 2

(d) केवल 2 और 3

81. निम्नलिखित में से कौन-सी, पहले आए सब ले जाए (फर्स्ट पास्ट दि पोस्ट) प्रणाली (FPTP) की विशेषता/विशेषताएँ *नहीं* है/हैं ?

1. यह एक बहुमतवादी प्रणाली है जहाँ यह संभाव्यता है कि अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व नहीं हो ।

2. कोई अभ्यर्थी निर्वाचन में विजयी हो सकता है चाहे उसे डाले गए मतों के बहुमत से कम मत मिले हों ।

3. इससे डाले गए मतों और जीते गए स्थानों के बीच आनुपातिकता उपजती है ।

4. इससे सदा द्वि-दलीय प्रणाली और स्थायी तथा उत्तरदायी सरकार बनती है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 3 और 4

(b) 1 और 2

(c) 2 और 3

(d) केवल 4

82. Which of the following statements is/are **not** true for the category of the Overseas Citizens of India (OCI) inserted by the amendment to the Citizenship Act of India in 2003 ?

1. It gives dual citizenship to Persons of Indian Origin (PIO) who are citizens of another country.
2. It gives Persons of Indian Origin (PIO) who are citizens of another country, an OCI card without citizenship.
3. It permits the OCI to vote in general elections in India.
4. It allows the OCI to travel to India without visa.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2
(b) 1 and 3
(c) 3 only
(d) 2 and 4

83. Which of the following is/are the objective(s) of National AYUSH Mission, approved by the Union Cabinet recently ?

1. Improvement of AYUSH education through enhancement in the number of upgraded educational institutions
2. Better access to AYUSH services through increase in the AYUSH hospitals and dispensaries, availability of drugs and manpower.
3. Providing sustained availability of quality raw material for AYUSH system of medicine.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3
(b) 2 and 3 only
(c) 1 only
(d) 1 and 2 only

84. Which of the following statement(s) with regard to the Armed Forces (Special Powers) Act, 1958 is/are correct ?

1. The Act is applicable only to the States of Manipur, Tripura and Nagaland.
2. A person taken into custody under the above Act must be handed over to the officer-in-charge of the nearest police station with least possible delay.
3. An area can be declared as a disturbed area under the above Act only when the State Government is of the opinion that the use of the armed forces in aid of civil power is necessary to contain a dangerous condition in the concerned area.

Select the correct answer by using the code given below :

(a) 1, 2 and 3
(b) 1 and 2 only
(c) 3 only
(d) 2 only

85. Indian Coast Guard is

(a) a branch of the Indian Navy
(b) an organization under the Central Board of Excise and Customs
(c) an organization under the Ministry of Defence
(d) a para-military force under the Ministry of Home Affairs

82. 2003 में भारत के नागरिकता अधिनियम में संशोधन द्वारा अंत:स्थापित प्रवासी भारतीय नागरिकों (OCI) की श्रेणी के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही *नहीं है/हैं* ?

1. यह भारतीय मूल के व्यक्तियों (PIO) को, जो किसी अन्य देश के नागरिक हैं, दोहरी नागरिकता प्रदान करता है ।
2. यह भारतीय मूल के व्यक्तियों (PIO) को जो किसी अन्य देश के नागरिक हैं, बिना नागरिकता के OCI कार्ड प्रदान करता है ।
3. यह OCI को भारत में आम चुनावों में मतदान की अनुज्ञा देता है ।
4. यह OCI को भारत में बिना वीज़ा के यात्रा करने की मंज़ूरी देता है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2
(b) 1 और 3
(c) केवल 3
(d) 2 और 4

83. निम्नलिखित में से कौन-सा/से हाल ही में संघ के मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीय आयुष (AYUSH) मिशन का/के उद्देश्य है/हैं ?

1. उन्नत शैक्षिक संस्थाओं की संख्या में वृद्धि द्वारा आयुष (AYUSH) की शिक्षा में सुधार ।
2. आयुष (AYUSH) अस्पतालों और औषधालयों, औषधि तथा मानव शक्ति की उपलब्धता में वृद्धि द्वारा आयुष (AYUSH) सेवाओं तक बेहतर पहुँच ।
3. आयुष (AYUSH) चिकित्सा प्रणाली में गुणतायुक्त कच्ची सामग्री की निरंतर उपलब्धता बनाना ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1
(d) केवल 1 और 2

84. सशस्त्र बल (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम, 1958 के बारे में निम्नलिखित कथन/कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. यह अधिनियम केवल मणिपुर, त्रिपुरा और नागालैंड राज्यों पर लागू होता है ।
2. उपर्युक्त अधिनियम के अधीन, अभिरक्षा में लिए गए व्यक्ति को न्यूनतम सम्भव विलंब से निकटतम पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी को सौंप देना आवश्यक है ।
3. किसी क्षेत्र को उपर्युक्त अधिनियम के अधीन उपद्रवग्रस्त क्षेत्र घोषित किया जा सकता है, केवल तभी, जब राज्य सरकार की यह राय हो कि सिविल शक्ति की सहायता के लिए सशस्त्र बलों का प्रयोग सम्बद्ध क्षेत्र में ख़तरनाक दशा को नियंत्रित रखने के लिए आवश्यक है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3
(d) केवल 2

85. भारतीय तटरक्षक

(a) भारतीय नौसेना की एक शाखा है
(b) केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क और सीमा-शुल्क बोर्ड के अधीन एक संगठन है
(c) रक्षा मंत्रालय के अधीन एक संगठन है
(d) गृह मंत्रालय के अधीन एक अर्द्धसैनिक बल है

86. Which of the following statements about the musical culture in $18^{th}$ and $19^{th}$ century South India is/are correct ?

1. Musical developments were spearheaded by the Arcot court.
2. Tanjavur replaced Madras as the cultural capital of classical music in the second half of the nineteenth century.
3. Three great composers, Tyagaraja, Diksitar and Syama Sastri experimented with the *kriti* form to set the foundations for modern Carnatic music.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 3 only
(b) 2 only
(c) 3 only
(d) 1, 2 and 3

87. Which of the following statements about visual culture in $18^{th}$ and early $19^{th}$ century North India is/are correct ?

1. Painters from Patna and Murshidabad flocked to Calcutta and produced water colours in the English mode.
2. Landscape and portraiture became extremely important at this time.
3. The artists Zayn-al-Din, Bhawani Das and Ram Das were adopted by the English East India Company to produce albums of Indian birds and animals.
4. While Indians were influenced by European artistic styles, European artists did not visit regional courts.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3
(b) 2 and 3 only
(c) 1, 3 and 4
(d) 4 only

88. The power to decide the date of an election to a State Legislative Assembly rests with the

(a) President of India
(b) Chief Minister and his/her Cabinet
(c) Election Commission of India
(d) Parliament

89. Which among the following is **not** an aspect of Gender Mainstreaming (GM) ?

(a) GM was established as a global strategy for achieving gender equality by the United Nations.
(b) It was adopted in 1995 in the Beijing Platform of Action.
(c) It requires a review of government policy in all sectors for eliminating gender disparity
(d) GM was followed by the Convention on the Elimination of all forms of Discrimination Against Women (CEDAW)

90. The $3^{rd}$ Meeting of the SAARC Culture Ministers, convened in New Delhi on September 25, 2014, unanimously resolved

1. to declare 2015 – 16 as the SAARC Year of Cultural Heritage.
2. that Bamiyan will be the SAARC cultural capital for 2015 – 16.
3. to promote SAARC culture online by launching a dedicated SAARC website on culture, with emphasis on digitization of rare manuscripts, rare books and other articles of intangible cultural value.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 2 only

86. 18वीं और 19वीं शताब्दी में दक्षिण भारत में संगीत संस्कृति के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

1. संगीत संबंधी विकास अर्काट दरबार की पहल से हुए ।
2. उन्नीसवीं शताब्दी के दूसरे अर्धभाग में तंजावुर ने, शास्त्रीय संगीत की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में, मद्रास का स्थान ले लिया
3. त्यागराज, दीक्षितार और श्याम शास्त्री, इन तीन महान् संगीतकारों ने कृति रूप में प्रयोग करके आधुनिक कर्नाटक संगीत की नींव डाली ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

87. उत्तर भारत में 18वीं और प्रारंभिक 19वीं शताब्दी में चाक्षुष (विज़ुअल) संस्कृति के बारे में निम्नलिखित कथन/कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. पटना और मुर्शिदाबाद से चित्रकार कलकत्ता में एकत्र हो गए और उन्होंने अंग्रेज़ी शैली में जलरंग (वाटर कलर) बनाए ।
2. इस समय भू-दृश्य और शबीह चित्रण (पोर्ट्रेचर) का महत्व अत्यधिक हो गया ।
3. भारतीय पक्षियों और जीव-जंतुओं के चित्र संग्रह (एल्बम) बनाने के लिए इंग्लिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने कलाकार ज़यान-अल-दीन, भवानी दास और राम दास को अपना लिया ।
4. यद्यपि भारतीयों पर यूरोपीय कला शैली का प्रभाव पड़ा, किन्तु यूरोपीय कलाकार प्रादेशिक दरबारों में नहीं गए ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 3 और 4
(d) केवल 4

88. किसी राज्य विधान सभा के निर्वाचन की तारीख विनिश्चित करने की शक्ति किसमें निहित है ?

(a) भारत का राष्ट्रपति
(b) मुख्य मंत्री और उसका मंत्रिमंडल
(c) भारत का निर्वाचन आयोग
(d) संसद

89. निम्नलिखित में से कौन-सा स्त्री-पुरुष मुख्यधाराकरण (जेन्डर मेनस्ट्रीमिंग) (GM) का पहलू ***नहीं*** है ?

(a) GM, स्त्री-पुरुष में समानता लाने के लिए वैश्विक रणनीति के रूप में संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्थापित किया गया था ।
(b) इसे बीजिंग कार्रवाई मंच (बीजिंग प्लेटफॉर्म ऑफ़ एक्शन) ने 1995 में अंगीकार किया ।
(c) इसमें यह अपेक्षा है कि स्त्री-पुरुष में विभेद समाप्त करने के लिए सभी क्षेत्रों में सरकार की नीति का पुनर्विलोकन किया जाए ।
(d) GM के पश्चात् स्त्रियों के विरुद्ध सभी प्रकार के विभेद समाप्त करने के लिए कन्वेंशन (CEDAW) आया ।

90. SAARC देशों के संस्कृति मंत्रियों की नई दिल्ली में 25 सितम्बर, 2014 को हुई तीसरी बैठक में यह संकल्प किया गया कि

1. 2015 – 16 को सांस्कृतिक विरासत का SAARC वर्ष घोषित किया जाए ।
2. 2015 – 16 के लिए SAARC की सांस्कृतिक राजधानी, बामियान होगी ।
3. SAARC संस्कृति का ऑनलाइन प्रोन्नयन करने के लिए संस्कृति को समर्पित एक SAARC वेबसाइट प्रारम्भ की जाए, जिसमें दुर्लभ पांडुलिपियों, दुर्लभ पुस्तकों और अमूर्त सांस्कृतिक मूल्य की अन्य वस्तुओं के अंकरूपण (डिजिटाइजेशन) पर बल दिया जाएगा ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 2

91. Information under the RTI Act, 2005 can be provided in respect of

(a) National Security Council Secretariat

(b) Assam Rifles

(c) Border Road Development Board

(d) Border Road Organisation

92. Who acts as the chairman of the Chiefs of Staff Committee ?

(a) The President of India in his capacity as the commander-in-chief

(b) The Prime Minister

(c) The Defence Minister

(d) The senior-most Chief of Staff

93. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List I* (*Editor*) | | *List II* (*Journal/Newspaper*) |
|---|---|---|
| A. S.A. Dange | 1. | Labour-Kisan Gazette |
| B. Muzaffar Ahmed | 2. | Inquilab |
| C. Gholam Hussain | 3. | Navayug |
| D. M. Singaravelu | 4. | The Socialist |

Code :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

94. Which of the following was/were connected primarily to the communist ideology ?

1. Kirti Kisan Party

2. Labour Swaraj Party

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

95. Which of the following statements is ***not*** true ?

(a) The General Agreement on Tariffs and Trade (GATT) had regulated global trade since 1947.

(b) GATT was replaced by the World Trade Organization (WTO) in 1995.

(c) The Most Favoured Nation principle under GATT provided that preferential trading agreements reached with one country should be extended to other countries.

(d) The WTO has been able to cover in its agreements the agriculture and textile sectors which are the principal concerns for the Least Developed Countries (LDCs).

96. Which of the following is ***not*** a part of contemporary Indian foreign policy in relationships with its neighbours ?

(a) Look East policy for linking up with South-East Asia via Myanmar

(b) Panchsheel

(c) Non-alignment

(d) SAARC

91. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन जानकारी किसके बारे में दी जा सकती है ?

(a) राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद् सचिवालय

(b) असम राइफल्स

(c) सीमा सड़क विकास बोर्ड

(d) सीमा सड़क संगठन

92. सेनाओं के प्रमुखों की समिति (चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी) के अध्यक्ष के रूप में कौन काम करता है ?

(a) भारत का राष्ट्रपति, कमांडर-इन-चीफ की हैसियत से

(b) प्रधान मंत्री

(c) रक्षा मंत्री

(d) वरिष्ठतम सेनाध्यक्ष

93. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I (संपादक)* | *सूची II (पत्रिका / समाचार-पत्र)* |
|---|---|
| A. एस. ए. डांगे | 1. लेबर-किसान गजट |
| B. मुजफ्फर अहमद | 2. इंकलाब |
| C. गुलाम हुसैन | 3. नवयुग |
| D. एम. सिंगारवेलु | 4. दि सोशलिस्ट |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

94. निम्नलिखित में से कौन-सा/से प्राथमिक रूप से साम्यवादी विचारधारा से सम्बद्ध था/थे ?

1. कीर्ति किसान पार्टी
2. लेबर स्वराज पार्टी

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

95. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) वैश्विक व्यापार 1947 से, टैरिफ और व्यापार पर साधारण करार (GATT) द्वारा विनियमित होता था ।

(b) 1995 में विश्व व्यापार संगठन (WTO) ने (GATT) का स्थान ले लिया ।

(c) GATT के अधीन परम मित्र राष्ट्र (मोस्ट फेवर्ड नेशन) सिद्धांत में यह प्रावधान था कि एक देश के साथ किए गए अधिमानी व्यापार क़रार को अन्य देशों तक विस्तारित किया जाना चाहिए ।

(d) WTO के क़रारों के अन्तर्गत कृषि और टेक्सटाइल क्षेत्रों को समाविष्ट किया जा सका है जो न्यूनतम विकसित देशों (LDCs) के प्रधान सरोकार हैं ।

96. निम्नलिखित में से कौन-सा, अपने पड़ोसियों के साथ संबंधों के बारे में समकालीन भारतीय विदेश नीति का भाग *नहीं* है ?

(a) म्यांमार के रास्ते दक्षिण-पूर्व एशिया को जोड़ने के लिए पूर्व की ओर दृष्टि की नीति

(b) पंचशील

(c) गुटनिरपेक्षता

(d) सार्क (SAARC)

97. Consider the following statements :

1. The Nirmal Bharat Abhiyan is restructured into the Swachh Bharat Mission.
2. The Swachh Bharat Mission has two sub-Missions – Union Territories and States.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

98. Which one of the following statements is correct ?

(a) The President cannot pardon a person sentenced by a Court Martial.
(b) The supreme command of the defence forces of the Union vests in the President, but its exercise has to be regulated by law.
(c) A person awarded rigorous imprisonment cannot be compelled to do hard work as this would amount to violation of Article 23 of the Constitution of India.
(d) The Armed Forces Tribunal Act, 2007 excludes the powers of the High Courts under Article 226 of the Constitution of India in relation to service matters of persons in the armed forces.

99. Demand for a commodity refers to

(a) Desire for that commodity
(b) Need for that commodity
(c) Quantity demanded of that commodity
(d) Quantity demanded at certain price during any particular period of time

100. The interest of the British Government of India in Afghanistan in the nineteenth century came about in order to

(a) make use of the natural resources of Afghanistan.
(b) ensure that the Russian empire did not have an influence over Afghanistan.
(c) increase the reach of the British Empire.
(d) establish a monopoly over the markets of Afghanistan.

101. What was the common element among (i) G.D. Birla (ii) Ambalal Sarabhai and (iii) Walchand Hirachand ?

(a) They were leading members of the socialist movement in India
(b) They were Indian industrialists
(c) They were nationalist leaders
(d) All of the above

102. Which of the following is *not* true for SAFTA (South Asian Free Trade Area) ?

(a) It is a step towards a South Asian customs union and common market.
(b) The agreement came into effect in 2006.
(c) The SAFTA is a trade liberalisation regime.
(d) The SAFTA agreement takes precedence over any other agreement a member country may have with states outside SAFTA.

97. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. निर्मल भारत अभियान स्वच्छ भारत मिशन के रूप में पुनर्संरचित हुआ है ।
2. स्वच्छ भारत मिशन के दो उपमिशन हैं – संघ राज्य-क्षेत्र और राज्य ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

98. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है ?

(a) राष्ट्रपति, सेना न्यायालय द्वारा दंडादिष्ट व्यक्ति को क्षमादान नहीं कर सकता ।
(b) सशस्त्र (रक्षा) बलों का सर्वोच्च समादेश राष्ट्रपति में निहित होता है, किन्तु उसका प्रयोग विधि द्वारा विनियमित होता है ।
(c) जिस व्यक्ति को कठिन कारावास का दंड दिया गया है उसे कठोर कार्य करने के लिए विवश नहीं किया जा सकता क्योंकि इससे भारत के संविधान के अनुच्छेद 23 का उल्लंघन होगा ।
(d) सशस्त्र बल अधिकरण अधिनियम, 2007, सशस्त्र बलों में व्यक्तियों की सेवा के विषयों के सम्बन्ध में भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 के अधीन उच्च न्यायालय की शक्तियों को अपवर्जित करता है ।

99. वस्तु की माँग किसको निर्दिष्ट करती है ?

(a) उस वस्तु की इच्छा
(b) उस वस्तु की आवश्यकता
(c) उस वस्तु का माँगा गया परिमाण
(d) किसी विशिष्ट समयावधि के दौरान किसी निश्चित कीमत पर माँगा गया परिमाण

100. उन्नीसवीं शताब्दी में भारत की ब्रिटिश सरकार की अफगानिस्तान में रुचि होने का कारण क्या था ?

(a) अफगानिस्तान के प्राकृतिक स्रोतों का उपयोग करना
(b) यह सुनिश्चित करना कि रूसी साम्राज्य का अफगानिस्तान पर प्रभाव न रहे
(c) ब्रिटिश साम्राज्य के विस्तार में वृद्धि करना
(d) अफगानिस्तान के बाज़ारों पर एकाधिकार स्थापित करना

101. (i) घनश्याम दास बिड़ला (ii) अंबालाल साराभाई एवं (iii) वालचन्द हीराचन्द में कौन-सी बात सामान्य थी ?

(a) ये भारत में समाजवादी आंदोलन के अग्रणी सदस्य थे
(b) ये भारतीय उद्योगपति थे
(c) ये राष्ट्रवादी नेता थे
(d) उपर्युक्त सभी

102. निम्नलिखित में से कौन सा SAFTA (दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र) के बारे में सही *नहीं* है ?

(a) यह दक्षिण एशियाई सीमा-शुल्क संघ और साझा बाज़ार की ओर एक कदम है ।
(b) यह क़रार 2006 में प्रभावी हुआ ।
(c) SAFTA, व्यापार उदारीकरण की एक व्यवस्था है ।
(d) SAFTA क़रार को, किसी सदस्य देश द्वारा SAFTA से बाहर के राज्यों के साथ किए गए किसी भी क़रार पर अग्रता प्राप्त है ।

103. Which of the following is ***not*** a laid down principle of the Panchsheel ?

(a) Mutual respect for each other's territorial integrity

(b) Mutual non-aggression

(c) Mutual support for each other in world forum

(d) Mutual non-interference in each other's internal affairs

104. Which of the following statements is/are correct ?

1. 'Yudh Abhyas 2014' was an India – USA military exercise

2. 'Yudh Abhyas 2014' was conducted in Himachal Pradesh.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

105. An exceptional demand curve is one that slopes

(a) downward to the right

(b) upward to the right

(c) horizontally

(d) upward to the left

106. What was the claim to fame of Dr. Dwarka Nath Kotnis ?

(a) He provided succour to the poor

(b) He set up hospitals in the difficult to reach regions of India

(c) He was a leading Indian nationalist

(d) He laid down his life providing medical help to the Eighth Route Army

107. Which of the following is ***not*** true about the Convention on the Elimination of all forms of Discrimination Against Women (CEDAW) ?

(a) It defines what constitutes discrimination against women and sets up an agenda for national action

(b) It was adopted in 1979 by the United Nations

(c) It commits States to undertake measures to end discrimination in their legal system

(d) India is not a ratifying country and is therefore not legally bound to put its provisions into practice

108. Consider the following statements with regard to the First Renewable Energy Global Investors Meet and Expo (2015) :

1. This is a follow-up to the 'Make in India' initiative.

2. The central theme of the meet is to attract large scale investments in the renewable energy sector in India

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**103.** निम्नलिखित में से कौन-सा, पंचशील का अधिकथित सिद्धान्त ***नहीं*** है ?

(a) एक-दूसरे के राज्य-क्षेत्र की अखंडता के प्रति परस्पर आदर

(b) परस्पर अनाक्रमण

(c) विश्व मंच पर एक-दूसरे के लिए परस्पर समर्थन

(d) एक-दूसरे के आंतरिक मामलों में परस्पर हस्तक्षेप नहीं करना

**104.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. 'युद्ध अभ्यास 2014', भारत और संयुक्त राज्य अमरीका (USA) का सैन्य अभ्यास था

2. 'युद्ध अभ्यास 2014', हिमाचल प्रदेश में किया गया था ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**105.** अपवादिक माँग वक्र वह है जिसकी ढाल

(a) दाहिनी ओर अधोमुखी है

(b) दाहिनी ओर उपरिमुखी है

(c) क्षैतिज है

(d) बाईं ओर उपरिमुखी है

**106.** डॉ. द्वारका नाथ कोटणिस की ख्याति का कारण क्या था ?

(a) उन्होंने निर्धन व्यक्तियों को सहायता प्रदान की

(b) उन्होंने भारत के दुर्गम प्रदेशों में अस्पताल स्थापित किए

(c) वे एक अग्रणी भारतीय राष्ट्रवादी थे

(d) उन्होंने एट्थ रूट आर्मी को चिकित्सा-सहायता प्रदान करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए

**107.** स्त्रियों के विरुद्ध सभी प्रकार के विभेद समाप्त करने के लिए कन्वेंशन (CEDAW) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?

(a) यह परिभाषित करता है कि स्त्रियों के विरुद्ध विभेद किससे गठित होता है और राष्ट्रीय कार्रवाई के लिए कार्यसूची बनाता है

(b) इसे संयुक्त राष्ट्र ने 1979 में अंगीकृत किया

(c) यह राज्यों को, विभेद समाप्त करने के लिए अपनी विधिक प्रणाली में अध्युपाय करने के लिए प्रतिबद्ध करता है

(d) भारत अनुसमर्थनकारी देश नहीं है और इसलिए वह उसके उपबंधों को व्यवहार में परिणत करने के लिए विधिक रूप से आबद्ध नहीं है

**108.** प्रथम नवीकरणीय ऊर्जा वैश्विक निवेशक अधिवेशन और प्रदर्शनी (2015) (फर्स्ट रिन्यूएबल एनर्जी ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट एंड एक्सपो (2015)) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह 'भारत में निर्माण करें' (मेक इन इंडिया) की पहल के अनुसरण में है ।

2. इस अधिवेशन का मुख्य ध्येय भारत में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में विशाल पैमाने में निवेश आकर्षित करना है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

109. When two goods are completely interchangeable, they are

(a) Perfect substitutes

(b) Perfect complements

(c) Giffen goods

(d) Veblen goods

110. Which would be the most appropriate description concerning the Punjab Naujawan Bharat Sabha ?

It aspired to

(a) do political work among youth, peasants and workers.

(b) spread the philosophy of revolution among students.

(c) initiate discussions regarding anti-imperialism among workers.

(d) help the formation of a Trade Union Movement in Punjab.

111. The Sixth Schedule of the Indian Constitution contains provisions for the administration of Tribal areas. Which of the following States is ***not*** covered under this Schedule ?

(a) Assam

(b) Manipur

(c) Meghalaya

(d) Tripura

112. Which of the following statements is/are correct with regard to the Living Planet Report – 2014 (Species and Spaces, People and Places) released by World Wildlife Fund (WWF) ?

1. The Living Planet Index (LPI), which measures more than 10,000 representative populations of mammals, birds, reptiles, amphibians and fish, has declined by 52% since 1970.

2. The most dramatic regional LPI decrease occurred in Africa

Select the correct answer using the code given below .

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

113. Rise in the price of a commodity means

(a) rise in the value of currency only

(b) fall in the value of currency only

(c) rise in the value of commodity only

(d) fall in the value of currency and rise in the value of commodity

114. The Tungbhadra river provided sustenance to which empire ?

(a) Chola

(b) Vijayanagara

(c) Vakataka

(d) Pandya

109. जब दो वस्तुएँ पूर्ण रूप से परस्पर विनिमेय हैं, तो वे

(a) पूर्णतः स्थानापन्न हैं

(b) पूर्णतः पूरक हैं

(c) गिफ्न वस्तुएँ हैं

(d) वेब्लेन वस्तुएँ हैं

110. पंजाब नौजवान भारत सभा के संबंध में सर्वाधिक समुचित वर्णन क्या होगा ?

उसकी आकांक्षा थी कि

(a) युवाओं, कृषकों और श्रमिकों के बीच राजनीतिक कार्य करें ।

(b) छात्रों के बीच क्रांति के दर्शन का प्रसार करें ।

(c) श्रमिकों के बीच साम्राज्यवाद विरोधी विचार-विमर्श प्रारम्भ करें ।

(d) पंजाब में ट्रेड यूनियन आंदोलन की रचना में सहायक हो ।

111. भारतीय संविधान की छठी अनुसूची में जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के लिए उपबंध अंतर्निष्ट हैं । निम्नलिखित राज्यों में से कौन-सा इस अनुसूची के अधीन ***नहीं*** आता है ?

(a) असम

(b) मणिपुर

(c) मेघालय

(d) त्रिपुरा

112. विश्व वन्यजीव निधि (WWF) द्वारा विमोचित सजीव ग्रह प्रतिवेदन (लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट) – 2014 (जाति (स्पीशीज़) और दिक्स्थान (स्पेसेज़), लोग और स्थान) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

1. सजीव ग्रह सूचकांक (LPI) जो स्तनपायी, पक्षी, सरीसृप, उभयचर और मत्स्य की 10,000 से अधिक प्रतिनिधिक समष्टियों (पापुलेशन्स) को नापता है, 1970 से 52% घट गया है ।

2. प्रादेशिक सजीव ग्रह सूचकांक (LPI) में सर्वाधिक आटकीय गिरावट अफ्रीका में हुई ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

113. किसी वस्तु की कीमत में वृद्धि से क्या अभिप्रेत है ?

(a) केवल मुद्रा (करेंसी) के मूल्य में वृद्धि

(b) केवल मुद्रा (करेंसी) के मूल्य में गिरावट

(c) केवल वस्तु के मूल्य में वृद्धि

(d) मुद्रा (करेंसी) के मूल्य में गिरावट और वस्तु के मूल्य में वृद्धि

114. तुंगभद्रा नदी किस साम्राज्य का भरण-पोषण करती थी ?

(a) चोल

(b) विजयनगर

(c) वाकाटक

(d) पांड्य

**115.** Which empire did Niccolo de Conti, Abdur Razzaq, Afanasy Nikitin and Fernao Nuniz visit ?

(a) The empire of Kannauj

(b) Vijayanagara empire

(c) Hoysala empire

(d) Rashtrakuta empire

**116.** The Supreme Court guidelines issued in the Vishaka Case pertain to

(a) domestic violence

(b) rape and sexual violence

(c) sexual harassment at the work place

(d) trafficking in women

**117.** Which one of the following statements is *incorrect* ?

(a) India does not have a Chief of Defence Staff

(b) India does not have a Permanent Chairman, Chiefs of Staff Committee.

(c) India has a Chairman, Chiefs of Staff Committee who functions as Chief of the Defence Staff.

(d) India has a Chairman, Chiefs of Staff Committee who does not function as Chief of the Defence Staff.

**118.** Which among the following teams won the Duleep Trophy Cricket Tournament, 2014 ?

(a) East Zone

(b) Central Zone

(c) West Zone

(d) South Zone

**119.** Which of the following statements is/are true with regard to the newly launched *Vanbandhu Kalyan Yojana* ?

1. Under the scheme, Centre will provide ₹ 10 crore each for every State and Union Territory of the country for the development of various facilities for the tribals.

2. The scheme mainly focuses on bridging infrastructural gaps and gap in human development indices between Scheduled Tribes and other Social Groups.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**120.** Which of the following statements with regard to the proposed Asian Infrastructure Investment Bank is/are correct ?

1. India is one of the founding members of the Bank.

2. The Bank is to be headquartered in Shanghai.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

115. निकोलो द कोन्टी, अब्दुर रज्ज़ाक, अफनासी निकितिन और फर्नाओ नूनिज़ ने किस साम्राज्य की यात्रा की ?

(a) कन्नौज का साम्राज्य

(b) विजयनगर साम्राज्य

(c) होयसल साम्राज्य

(d) राष्ट्रकूट साम्राज्य

116. उच्चतम न्यायालय द्वारा विशाखा के वाद में जो मार्गदर्शन दिया गया है वह किसके संबंध में है ?

(a) घरेलू हिंसा

(b) बलात्कार और यौन हिंसा

(c) कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न

(d) स्त्रियों का दुर्व्यापार

117. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक *गलत* है ?

(a) भारत में कोई चीफ ऑफ़ डिफेंस स्टाफ नहीं है ।

(b) भारत में चीफ्स ऑफ़ स्टाफ कमेटी का कोई स्थाई अध्यक्ष नहीं है ।

(c) भारत में चीफ्स ऑफ़ स्टाफ कमेटी का एक अध्यक्ष है जो चीफ ऑफ़ डिफेंस स्टाफ के रूप में कार्य करता है ।

(d) भारत में चीफ्स ऑफ़ स्टाफ कमेटी का एक अध्यक्ष है जो चीफ ऑफ़ डिफेंस स्टाफ के रूप में कार्य नहीं करता है ।

118. निम्नलिखित टीमों में से किसने दिलीप ट्राफी क्रिकेट टूर्नामेंट, 2014 जीता ?

(a) पूर्वी ज़ोन

(b) मध्य ज़ोन

(c) पश्चिमी ज़ोन

(d) दक्षिणी ज़ोन

119. हाल ही में प्रारम्भ की गई *वनबंधु कल्याण योजना* के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं ?

1. केन्द्र इस स्कीम के अधीन, जनजातियों के लिए विभिन्न सुविधाओं के विकास के लिए प्रत्येक राज्य और संघ राज्य-क्षेत्र को ₹ 10 करोड़ प्रदान करेगा ।

2. यह स्कीम अनुसूचित जनजातियों और अन्य सामाजिक समूहों के बीच अधिसंरचना के अन्तर और मानव विकास सूचकांकों के बीच अन्तर को भरने पर मुख्यतः केंद्रित है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए ।

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

120. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से प्रस्तावित एशियाई अधिसंरचना निवेश बैंक (एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक) के बारे में सही है/हैं ?

1. भारत उस बैंक के संस्थापक सदस्यों में से एक है ।

2. इस बैंक का मुख्यालय शंघाई में होगा ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए ।

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

## SPACE FOR ROUGH WORK
कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK
कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

### कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK
## कच्चे काम के लिए जगह

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

**टी. बी. सी. : B-EFUA-O-JNQ** | **परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

# परीक्षण पुस्तिका

# सामान्य ज्ञान

**A**

*समय : दो घण्टे* | *पूर्णांक : 100*

## अनुदेश

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि *न* हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए ।
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में 120 प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए ।
6. ***सभी*** प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **गलत उत्तरों के लिए दंड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा ।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दंड दिया जाएगा ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा ।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.